प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## ग्राम मंगतपुर में किसान चौपाल का आयोजन

पंतनगर। 19 दिसम्बर 2025। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा ग्राम मंगतपुर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–खमरिया में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान चौपाल का उद्घाटन, डा. सी.बी. सिंह, प्राध्यापक पशु प्रजनन विभाग एवं परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। डा. सी.बी. सिंह द्वारा सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया एवं पशु पोषण सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ–साथ घर पर पशु आहार बनाने की विधि बताते हुए पशु पालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर शरद ऋतु में उन्नत पशु पालन करने की सलाह दी गयी।

किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण व धन्यवाद प्रस्ताव कु. आराधना फुलार द्वारा किया गया। किसान चौपाल में कुल 23 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

